>

Title: Need to undertake repair works on N.H. 7 from Vela to Katni and N.H. 75 from Vela to Khajuraho and accord approval for a bye-pass on N.H. 75 in Satna City under Satna Parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत अत्यंत खराब है। मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 7, जो वेला से कटनी तक इतना खराब है कि चलना मुश्किल है। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 75 वेला से खजुराहो जहां बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी आते जाते हैं, अत्यंत खराब है। वर्षों से उक्त सड़कों को 2 लेन से 4 लेन बनाने की बात हो रही है। तीन वर्ष पहले राष्ट्रीय राजमार्ग नं0 75 में सतना नगर में बाई पास के निर्माण के सर्वे हेतु एजेंसी तय की गई थी। राज्य शासन द्वारा भी डी.पी.आर. भेजे वर्षों हो गया, जिसकी आज तक स्वीकृति नहीं हो सकी।

मैं मांग करता हूं कि जल्द दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों को सुधारा जाये तथा सतना बाईपास की स्वीकृति दी जाये।